# राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि.,

चौथा माला, नेहरू सहकार भवन, भवानी सिंह रोड़, जयपुर – 302006
दूरभाष : 0141–2740841, फैक्स : 0141–2740676
ई–मेल : dgmpurchase.rsgsm@rajasthan.gov.in वेबसाईट : www.rajexcise.gov.in

क्रमांक : आरएसजीएसएम / क्रय / फोटोकॉपी / 2020–21 / 66 दिनांक : 17.03.2020

**संस्थान में फोटोस्टेट कार्य के उपापन के क्रम में दर संविदा**
अवधि : एक वर्ष हेतु

**विवरण**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | संस्थान में फोटोस्टेट कार्य के उपापन के क्रम में दर संविदा |
| बिड प्राधिकारी | उपमहाप्रबन्धक (क्रय),<br>राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि.,<br>चौथा माला, नेहरू सहकार भवन, भवानी सिंह रोड़, जयपुर – 302006<br>दूरभाष : 0141–2740841, फैक्स : 0141–2740676<br>ई–मेल : purchasersgsm@gmail.com |
| बिड प्रपत्र का मूल्य | रू. 590 / – (रू. पांच सौ नब्बे मात्र) (Non-Refundable) {Rs. 500 + Rs. 90 (GST)} |
| अनुमानित बिड राशि | रू. 04.00 लाख (रू. चार लाख हजार मात्र) |
| बोली प्रतिभूति राशि | अनुमानित राशि का 2% (रू. 8000 / –) |
| बिड मय बिड शुल्क एवं बोली प्रतिभूति राशि प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक एवं समय | दिनांक 23.03.2020 को दोपहर 02.00 बजे तक |
| बिड खोलने की दिनांक एवं समय | दिनांक 23.03.2020 सांय 04.30 बजे |
| बिड खोलने का स्थान | राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि.,<br>चौथा माला, नेहरू सहकार भवन, भवानी सिंह रोड़, जयपुर – 302006 |

**उपमहाप्रबन्धक (क्रय)**



**निविदादाता का हस्ताक्षर**

# <u>राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि.,</u>

बिड फार्म

1. संस्थान में फोटोस्टेट कार्य के उपापन के क्रम में दर संविदा
2. बिड प्रस्तुत करने वाली वाली फर्म का नाम : ..........................................................................

   डाक का पता ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   मोबाइल नं. (1)............................................. (2)..................................
3. बिड शुल्क की राशि रू. 590/– नकद रसीद/डी.डी. संख्या ......................................

   दिनांक................................. एवं बोली प्रतिभूति की राशि रू. 8000/– नकद रसीद/डी.डी. संख्या ...................................... दिनांक................................. के द्वारा जमा कर दी गई है।
4. हम संस्थान द्वारा जारी की गई बिड सूचना संख्या ................. दिनांक ........................ में वर्णित सभी शर्तों से तथा संलग्न शीट (इनके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किए जाने के प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिये हैं) में दी गई उक्त बिड सूचना की सभी शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं।
5. वित्तीय बिड प्रपत्र में उल्लेखित मदों के क्रम में सेवाएं प्रदान करने हेतु दरें यथा स्थान सम्मुख अंकित कर दी गई हैं। फर्म द्वारा आदेश प्राप्त होने की तिथि से आदेश में वर्णित सेवाओं की आपूर्ति निर्धारित समयावधि में की जावेगी।
6. बिड में उद्धृत की गयी दरें एक वर्ष तक के लिए विधिमान्य हैं। कार्य संतोषप्रद रहने की दशा में इस अवधि को अतिरिक्त तीन माह के लिये बढ़ाया जा सकेगा।



निविदादाता का हस्ताक्षर

# राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि.,

संस्थान में फोटोस्टेट कार्य के उपापन के क्रम में दर संविदा की विशिष्ट शर्तें/नियम

1. सफल बिडर को अधिकतम 15 दिवस में अनुबन्ध निष्पादित किये जाने व अन्तर कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा कराने के साथ फोटो–स्टेट मशीन संस्थान में स्थापित करनी होंगी।
2. सफल बिडर को संस्थान के परिसर में, निर्धारित/निर्दिष्ट स्थान पर फोटोस्टेट मशीन मय ऑपरेटर लगाना होगा।
3. बिडर को फोटोस्टेट मशीन हेतु बिजली एंव स्थान संस्थान द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराया जावेगा।
4. फोटो–स्टेट सेवाएं कार्यालय समय प्रातः 9.30 बजे से सांयकाल 6.00 बजे तक देनी आवश्यक होगी। अपरिहार्य परिस्थितियों में कार्य की अधिकतावश उक्त निर्धारित समय से पूर्व व बाद में उपस्थित होकर भी कार्य करना हो सकता है। आवश्यकता होने पर राजपत्रित अवकाश(ओं) के दिन भी फोटोस्टेट कार्य के लिये कार्यालय में बुलवाया जा सकता है, जिसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।
5. बिडर को फोटोस्टेट संबंधी लॉजिस्टिक्स यथा टोनर, स्याही, एवं पेपर स्वंय के व्यय पर व्यवस्थित करनी होगी। पेपर अच्छी गुणवत्ता का (कम से कम 75 जी. एस. एम.) ही प्रयुक्त किया जायेगा। मदवार फोटोस्टेट कार्य के लिये संबंधित साईज के पेपर (ए–4/ए–3/एफ एस) को ही उपयोग में लेना होगा। फोटोस्टेट करने के पश्चात् सेट तैयार कर स्टेपल किये जाने दायित्व भी सफल बिडर का होगा। इन सभी कार्यों के लिये अनुमोदित दर के अतिरिक्त कोई भुगतान देय नहीं होगा।
6. मशीन के संधारण एवं रख रखाव (स्पेयर पार्टस सहित) का सम्पूर्ण दायित्व सफल बिडर का होगा।
7. सभी कार्य दिवसों पर बिडर को फोटोस्टेट मशीन हमेशा चालू हालत में रखनी होगी। अपरिहार्य कारणों से (मरम्मत आदि की आवश्यकता) यदि मशीन बन्द रहती है तो फोटोस्टेट संबंधी कार्य सफल बिडर को अपने स्तर/व्यय पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत करना होगा।
8. मशीन की खराबी अथवा लॉजिस्टिक्स के अभाव में यदि फोटोस्टेट की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है तो @ रूपये 100/– (रूपये सौ मात्र) प्रति मशीन/प्रति घण्टा शास्ति के रूप में वसूली योग्य होगी जो सफल बिडर के देय भुगतान से काटी जावेगी। साथ



निविदादाता का हस्ताक्षर

ही बाजार से कराए गए कार्य के लिए यदि संस्थान द्वारा अधिक भुगतान किया जाता है तो उस राशि की भी प्रतिपूर्ति/कटौती बिडर से की जायेगी।

9. फोटो स्टेट प्रति स्पष्ट एवं साफ सुथरी तथा लम्बे समय तक सुरक्षित रखे जाने योग्य होनी चाहिए अन्यथा उक्त के विपरित प्रतियों के लिये कोई भुगतान नहीं किया जावेगा।
10. फोटो स्टेट मशीन की चोरी होने अथवा किसी अन्य रूप में कोई क्षति होती है तो उसका दायित्व स्वयं सफल बिडर का होगा। इस प्रकार के नुकसान/क्षति के लिये संस्थान का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। सफल बिडर चाहे तो फोटोस्टेट मशीन का स्वयं के व्यय पर बीमा भी करा सकता है।
11. संस्थान के अधिकृत कार्मिकों के हस्ताक्षरित कूपन पत्रों के आधार पर फोटो कॉपी संबंधी कार्य करना होगा तथा अधिकृत हस्ताक्षरित कूपन पत्रों के आधार पर किये गये फोटोकॉपी संबंधी कार्य के लिये ही भुगतान देय होगा।
12. प्रत्येक क्रमांकित कूपन दो प्रतियों में होगा। कार्मिक द्वारा हस्ताक्षरित दोनों प्रतियाँ बिडर/ प्रतिनिधी को दी जायेगी जो भुगतान क्लेम प्रस्तुत करते समय एक प्रति बिल के साथ संलग्न करेगा।
13. सफल बिडर का कार्य अनुबंध अवधि के दौरान संतोषप्रद नहीं पाये जाने अथवा बिडर द्वारा अनुबंध अवधि से पूर्व बन्द कर दिये जाने की स्थिति में संस्थान द्वारा फोटोस्टेट का कार्य सफल बिडर की रिस्क एण्ड कॉस्ट पर अन्य फर्म से कराना होगा, ऐसी स्थिति में न केवल रिस्क एण्ड कॉस्ट राशि की वसूली सफल बिडर से की जावेगी अपितु जमा कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त करते हुए अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी बिडर की स्वयं की होगी।
14. सशर्त बिड स्वीकार योग्य नहीं होगी।
15. यदि उपापन योग्य सेवा पर किसी प्रकार का कोई कर/माल एवं सेवा कर (GST) देय होगा तो इस हेतु बिडर को वित्तीय बिड के अन्तर्गत इस बात का पृथक से स्पष्ट अंकन करना होगा, अन्यथा प्रस्तुत दर सभी करों सहित मानी जायेगी।
16. बिडर को जीएसटी के दायरे में आने की स्थिति में माल एवं सेवा कर (GST) रजिस्ट्रेशन की प्रति संलग्न करनी होगी एवं प्रत्येक बिल पर रजिस्ट्रेशन नम्बर लिखना/मुद्रित होना अनिवार्य होगा ।
17. सीलबन्द बिड जिस पर "फोटोस्टेट कार्य के उपापन के क्रम में दर संविदा" अंकित हो, बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि 23.03.2020 को दोपहर 02.00 बजे तक डाक अथवा



निविदादाता का हस्ताक्षर

व्यक्तिशः प्राप्त हो जानी चाहियें। निर्धारित तिथी एवं समय के पश्चात प्राप्त बिड पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्राप्त बिड दिनांक 23.03.2020 को ही सांय 4.30 बजे उपस्थित बिडर्स/ अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेंगी।

18. बिड के साथ निर्धारित बिड शुल्क राशि रू0 590/– एवं बोली प्रतिभूति राशि रू0 8000/– संस्थान में नकद जमा करा उसकी रसीद अथवा *''राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि., जयपुर''* के पक्ष में देय डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में बिड के साथ संलग्न करनी होगी। बिड शुल्क एवं बोली प्रतिभूति राशि के अभाव में किसी बिड पर विचार नही किया जायेगा।
19. बिड निर्धारित प्रपत्र पर ही प्रस्तुत करनी होगी, जिसे संस्थान की वेबसाईट www.rajexcise.gov.in या एस.पी.पी.पी. की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in से download किया जा सकता है।
20. दर संविदा की प्रारम्भिक अवधि एक वर्ष के लिए होगी जिसे दर संविदा की अनुमोदित दर व शर्तों पर तीन मास से अनाधिक की कालावधि के लिए बढ़ाई जा सकेंगा।
21. सफल बिडर को नियमानुसार नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर लिखित अनुबन्ध निष्पादित करना होगा तथा अनुमानित बिड लागत का 5 प्रतिशत कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करानी होगी।
22. बिडर द्वारा संस्थान के समस्त प्रलेखों की गोपनीयता बनाये रखी जायेगी।
23. सफल बिडर द्वारा अनुबंध को सबलेट नहीं किया जायेगा।
24. किसी भी बिड को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार महाप्रबन्धक, राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि., जयपुर के पास सुरक्षित रहेगा।
25. टी.डी.एस., सरचार्ज तथा संस्थान सरकार व राज्य सरकार द्वारा लगाये जाने वाले अन्य करों, यदि अनुज्ञेय होगा, के सम्बन्ध में स्त्रोत पर नियमानुसार कटौती की जा सकेगी, जिसका निर्धारित प्रमाण पत्र सेवाप्रदाता को उपलब्ध करा दिया जायेगा।
26. किसी भी विवाद की स्थिति में महाप्रबन्धक, राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि. जयपुर का निर्णय अंतिम होगा तथा विवाद का क्षेत्र जयपुर स्थित न्यायालय ही होगा।
27. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के प्रावधान प्रभावी होगें।
28. बिडर फर्म को किसी राजकीय संस्थान अथवा संस्थानों में फोटोस्टेट कार्य का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है जिसके लिये बिडर फर्म को बिड प्रस्तुत करते



**निविदादाता का हस्ताक्षर**

समय अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। अनुभव प्रमाण पत्र के अभाव में बिड निरस्त कर दी जायेगी।

29. यदि दर संविदा धारक, दर संविदा के चालू रहने के दौरान किसी भी समय राज्य में किसी को दर संविदा कीमत से कम कीमत पर समान माल, संकर्मों या सेवाएं देने के लिए उसकी कीमत कोट करता/कम करता है तो उस दर संविदा के अधीन उपापन की विषय वस्तु के समस्त परिदान के लिए दर संविदा कीमत, कीमत कम करने या कोट करने की तारीख से स्वतः कम हो जायेगी और दर संविदा तद्नुसार संशोधित की जायेगी।
30. बिड दरों में ऑपरेटर कागज, स्याही संधारण इत्यादि के समस्त प्रकार के खर्चे सम्मिलित होने चाहिए। कार्य अवधि के दौरान दरें स्थिर रहेगी एवं इसमें कमी/बेशी की प्रार्थना स्वीकार्य नहीं की जायेगी।
31. बिडर द्वारा सम्पूर्ण विवरण के साथ बिल दो प्रतियों में प्रत्येक माह 5 तारीख तक प्रस्तुत करना होगा। बिलों की प्राप्ति के 7 दिवस में मुख्यालय द्वारा भुगतान किया जायेगा।



निविदादाता का हस्ताक्षर

# राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि.,

पार्ट–ए : तकनीकी बिड चैक–लिस्ट

संस्थान में फोटोस्टेट कार्य के लिए दर अनुबन्ध हेतु बिड

| क्र. सं. | विवरण | बिडर द्वारा स्पष्ट शब्दों में भरा जावे |
|---|---|---|
| 1 | बिडर का नाम एवं पता :– | |
| 2 | बिडर का स्वरूप : व्यक्तिगत / साझेदारी / कम्पनी | |
| 3 | बिडर का रजिस्ट्रेशन वर्ष एवं नं.<br>(यदि कोई हो तो प्रतिलिपि संलग्न करें) | |
| 4 | बिडर के मुख्यालय एवं शाखाओं का स्थान व पता | |
| 5 | बिडर का मोबाईल / टेलीफोन / फैक्स / ई–मेल | |
| 6 | बिडर के पंजीकरण / अनुभव की स्थिति:–<br>1. किसी राजकीय संस्थान अथवा संस्थान में फोटोस्टेट कार्य का एक वर्ष का अनुभव<br>(अनुभव प्रमाण पत्र बिड के साथ संलग्न किया जावें।) | |
| 7 | PAN Card का विवरण<br>(प्रति संलग्न करें) | |
| 8 | जमा बोली प्रतिभूति (EMD) राशि का विवरण<br>(जमा की प्रति) | |
| 9 | टेण्डर फीस का विवरण<br>(जमा की प्रति) | |
| 10 | क्या बिडर फर्म बिड की सभी शर्तों को स्वीकार करता है ? | |
| 11 | Bank Account Details : | |
| | Bank Name | |
| | Branch Address | |
| | Name of Account | |
| | Bank Account Number | |
| | IFSC Code | |



निविदादाता का हस्ताक्षर

# राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि.,

## पार्ट–बी : वित्तीय बिड प्रपत्र

**(अलग लिफाफे में प्रस्तुत करें, जिस पर वित्तीय बिड अंकन किया हुआ हो)**

संस्थान में फोटोस्टेट कार्य के लिए वार्षिक दर अनुबन्ध हेतु बिड

1. बिडर का नाम : ______________________________

2. बिडर का पताः ______________________________
______________________________

3. दूरभाष ______________________________

4. बिड में उल्लेखित शर्तो को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

| क्र. सं. | वस्तु का नाम मय विनिर्देशों के फोटोस्टेट कार्य | दर प्रति कॉपी | GST / अन्य देय कर | दर (प्रति कॉपी) सभी करों सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | A-4 साईज पेपर प्रति कॉपी (एक तरफ) | | | |
| 2. | A-4 साईज पेपर प्रति कॉपी (दोनों तरफ) | | | |
| 3. | F-S साईज पेपर प्रति कॉपी (एक तरफ) | | | |
| 4. | F-S साईज पेपर प्रति कॉपी (दोनों तरफ) | | | |
| 5. | A-3 साईज पेपर प्रति कॉपी (एक तरफ) | | | |
| 6. | A-3 साईज पेपर प्रति कॉपी (दोनों तरफ) | | | |

1. उक्त सभी मदों में दरें प्रस्तुत करनी होगी। आंशिक मदों के लिये दरें प्रस्तुत करने की दशा में बिड पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. उक्त अंकित दरों के अलावा फर्म को किसी भी तरह का कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।
3. वित्तीय बिड के मूल्यांकन के समय एल–1 के निर्धारणार्थ मदवार प्रस्तुत दरों को मदवार फोटोकॉपी की सम्भावित प्रतियों/निम्नानुसार प्रतिशत भार के आधार पर किया जावेगा :–

| | | |
|---|---|---|
| 1- | A-4 साईज पेपर प्रति कॉपी (एक तरफ) | 35 % |
| 2- | A-4 साईज पेपर प्रति कॉपी (दोनों तरफ) | 35 % |
| 3- | F-S साईज पेपर प्रति कॉपी (एक तरफ) | 10 % |
| 4- | F-S साईज पेपर प्रति कॉपी (दोनों तरफ) | 10 % |
| 5- | A-3 साईज पेपर प्रति कॉपी (एक तरफ) | 5 % |
| 6- | A-3 साईज पेपर प्रति कॉपी (दोनों तरफ) | 5 % |



**निविदादाता का हस्ताक्षर**